16 korba-pg3_Layout 1 10/17/2025 12:03 AM Page 1

हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

4
एसईसीएल, प्रशासन और ग्रामीणों के साथ फिर हुई त्रिपक्षीय वार्ता



## खबर संक्षेप

### धनवंतरी जयंती कल महापौर होंगी मुख्य अतिथि

**कोरबा।** आयुर्वेद के प्रवर्तक, आरोग्य के देवता भगवान श्री धनवंतरी की जयंती इस वर्ष कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी, 18 अक्टूबर को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से महानदी कॉम्प्लेक्स, निहारिका स्थित पतंजलि चिकित्सालय और श्री शिव औषधालय परिसर में आयोजित होगा। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. उदय शर्मा करेंगे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नमामी हसदेव सेवा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर पांडे रहेंगे। धनवंतरी जयंती का यह आयोजन आयुष मेडिकल एसोसिएशन, आरोग्य भारती, विश्व हिंदू परिषद, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, शिव औषधालय एवं पतंजलि चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

### बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने के दिए निर्देश

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के सभी शासकीय विभागों में कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन अनुशासन और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी का समय पर उपस्थित रहना आवश्यक है। कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्यालयों में बायोमेट्रिक मशीनें सुचारू रूप से संचालित रहें और प्रतिदिन कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज की जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि समयपालन शासन की प्राथमिकता है, इसलिए बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने सभी विभागों को इस व्यवस्था को पूर्ण रूप से लागू करने के निर्देश दिए हैं।

### 10 दिसम्बर को स्थानीय अवकाश किया गया घोषित

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले में 10 दिसम्बर शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। पूर्व में जिले में 21 अक्टूबर गोवर्धन पूजा दिन मंगलवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 21 अक्टूबर गोवर्धन पूजा के अवसर पर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इसके कलेक्टर द्वारा अब जिले में 21 अक्टूबर गोवर्धन पूजा के स्थानीय अवकाश को निरस्त करते हुए शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस 10 दिसम्बर को जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

# प्रदेश में 30 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन अब 60 हजार का किया लक्ष्य निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

विद्युत उत्पादन के मामले में छग आत्मनिर्भर और सरप्लस राज्य के रुप में अपनी पहचान बनाने में सफर रहा है। 25 साल पहले जब छग राज्य का गठन हुआ था उस दौरान प्रदेश में विद्युत उत्पादन की क्षमता 1400 मेगावाट के करीब थी। आज केंद्रीय स्टेट और निजी क्षेत्र की भी भागीदारी शामिल किया जाए तो यह क्षमता 30 हजार मेगावाट के स्तर पर पहुंच चुकी है। आने वाले सालों में सरकार ने 60 हजार मेगावाट से अधिक विद्युत उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसे लेकर काम भी शुरु कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में राज्य अपनी जरुरतों के साथ ही दूसरे अन्य पड़ोसी राज्यों की जरुरतें पूरी कर रहा है। ग्रीष्मकाल को छोड़ दे तो अन्य महीनों में प्रदेश में इतनी बिजली बच जाती है कि दूसरे राज्यों की जरुरतें भी पूरी हो जाती है। राज्य सरकार थर्मल, पंप स्टोरेज के साथ ही परमाणु, सौर ऊर्जा और बैटरी स्टोरेज के जरिये बिजली उत्पादन और संग्रहण की योजना पर काम कर रहा है। पिछले दिनों राज्य में 32 हजार से अधिक मेगावाट क्षमता वाले विद्युत संयंत्रों की स्थापना के लिए एमओयू किया गया है। आने वाले दिनों में सरकार ने 60 हजार से अधिक बिजली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है। यहां बताना होगा कि नई औद्योगिक नीति के तहत एमओयू ने बिजली क्षेत्र के लिए लगभग 3 लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। ऐसे में राज्य को उम्मीद है कि आने वाले सालों में प्रदेश में 30 हजार मेगावाट अतिरिक्त बिजली उत्पादन होने लगेगा। प्रदेश में बिजली की खपत राष्ट्रीय औसत से डेढ़ गुना ज्यादा है। प्रदेश में प्रति व्यक्ति बिजली की खपत 2212 यूनिट है। जबकि राष्ट्रीय औसत 1265 यूनिट प्रति व्यक्ति है।

## प्रदेश में विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ाने की कवायद

**खास बातें**

- एनटीपीसी के लारा व सीपत विद्युत संयंत्रों में विस्तार का काम जारी
- 25 साल पहले 1400 मेगावाट की थी उत्पादन क्षमता



### अडानी ग्रुप करेगा 60 हजार करोड़ का निवेश

अडानी समूह प्रदेश के कोरबा में अपने पावर प्लांट का विस्तार करेगा। अडानी पावर कोरबा और रायगढ़ में अपने पावर प्लांट के विस्तार के लिए 60 हजार करोड़ की निवेश की घोषणा की है। जिससे राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता में 6120 मेगावाट की अतिरिक्त वृद्धि होगी। जिले के पताढ़ी स्थित अडानी पावर कोरबा में 1600 मेगावाट विद्युत संयंत्र के विस्तार की योजना है। अडानी समूह ने 1120 मेगावाट के सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट के निर्माण को भी पुर्नजिवित किया है।

### एनटीपीसी की 7 हजार से बढ़कर 9 हजार 5 सौ हो जाएगी उत्पादन क्षमता

एनटीपीसी लिमिटेड की विद्युत संयंत्रों की उत्पादन क्षमता अगले चार साल में बढ़कर 9580 मेगावाट हो जाएगी। एनटीपीसी के विद्युत संयंत्रों के स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता वर्तमान में 7180 मेगावाट है। प्रदेश में स्थित तीन में से दो विद्युत संयंत्रों की विस्तार की योजना चल रही है। जिसमें एनटीपीसी की विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। एनटीपीसी पश्चिम क्षेत्र 2 जिसका मुख्यालय छग में पांच विद्युत संयंत्रों का संचालन करता है। जिनमें कोरबा जिले के एनटीपीसी कोरबा, रायगढ़ जिले के लारा, बिलासपुर जिले के सीपत और मध्यप्रदेश के गाडरवारा और खरगोन शामिल है। लारा और सीपत विद्युत संयंत्रों का विस्तार वर्तमान में चल रहा है।

## टीपीनगर चौक पर किया गया धरना प्रदर्शन

# जर्जर सड़क को लेकर शहरवासियों में आक्रोश सभापति के साथ सड़क पर उतरे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



टीपी नगर चौक में प्रदर्शन करते स्थानीय स्थानीय नागरिक।



भीड़ को संबोधित करते निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर एवं अन्य।

जिले के सड़कों की दूर्दशा को लेकर पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत गुरूवार को निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर की अगुवाई में ट्रांसफर नगर चौक में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक धरना में शामिल हुए और जिला प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया।

निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर सहित विभिन्न संगठनों ने शहर में सड़कों की दूर्दशा को लेकर कई बार जिला प्रशासन एवं नगर निगम को ज्ञापन देकर सड़कों की दशा सुधारने की मांग रखी थी, बावजूद इसके जिला व नगर प्रशासन की ओर से सकारात्मक पहल नहीं होने कारण जिले के नागरिकों का आक्रोश फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, युवा और नागरिक धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। सभापति नूतनसिंह ठाकुर ने कहा कि अधिकारी जनप्रतिनिधियों की आवाज नहीं सुन रहे हैं, शासन के करोड़ों रुपए व्यर्थ फुंके जा रहे हैं। यह धरना प्रदर्शन शासन प्रशासन को होश में लाने का शांतिपूर्ण प्रयास है, इसके बाद भी सड़कों की स्थिति नहीं सुधरी तो दिवाली के बाद आम नागरिकों के साथ मिलकर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। आंदोलन में छत्तीसगढ़ क्रांति सेना, छत्तीसगढ़ जोहर पार्टी, आम आदमी पार्टी, जिला अधिवक्ता संघ, जिला ऑटो संघ, सिटी मिनी बस यूनियन, भूस्थापित कामगार संगठन, किसान संगठन, कुसमुंडा व्यापारी संघ सहित नगर निगम के कई पार्षद और विभिन्न समाज के प्रमुखों ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन का समर्थन किया। इस दौरान पार्षद अब्दुल रहमान, विनम्र तिवारी, टामेश अग्रवाल, श्रीमती प्रीति दिनेश शर्मा, पूर्व पार्षद परमजीत सिंह पप्पी, महेश अग्रवाल, दिनेश सोनी, संतोष कैवर्त, छत्तीसगढ़ क्रांति सी की मुखिया दिलीप मेरी, अतुलदास, जोहर पार्टी के नेता सोनू राठौर, जैनेंद्र कुर्रे, श्रीमती चंचल, कुसमुंडा व्यापारी संघ के मुखिया ओम गभेल, सुरेंद्र राठौर, आम आदमी पार्टी की नेता आनंद सिंह, शत्रुघ्न साहू, किसान नेता दिलहरण सारथी, जोगीराम पटेल, भूस्थापित कामगार संगठन के अध्यक्ष अशोक कुमार पटेल, जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के अध्यक्ष गणेश कुलदीप, आटो संघ कोरबा के उपाध्यक्ष पंकज तिवारी, सिटी मिनी बस यूनियन के नेता धनेश्वर साहू सहित अनेक नेताओं ने धरना को संबोधित करते हुए सड़कों के विनाश के लिए जिला प्रशासन को दोषी ठहराया।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने हरियाणा जलेबी से लेकर कटनी स्थित चार मीनार तक ठोंका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपावली से क्रिसमस तक त्योहारों का यह सीजन लज्जतदार पकवानों और मिठाइयों से भरपूर बाजारों का है। घर-घर की डिमांग पीक पर होती है और ऐसे में जायके की आड़ में मिलावट और गुणवत्ता से समझौता कर खराब खाद्य सामग्रियों को खपाने की कोशिशें भी सामने आती हैं। जायके के कारोबार के बहाने लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों पर पैनी निगाह रखते हुए खाद्य नियंत्रक दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम मुस्तैदी से जांच एवं सैम्पलिंग की कार्यवाही की जा रही है। ऐसे ही कुछ खाद्य प्रतिष्ठानों से लिए गए खाद्य पदार्थों के सैम्पल में खराबी और जांच में नियमों का पालन नहीं पाए जाने पर जुर्माने की कार्यवाही की गई है। इनमें पावर हाउस रोड में संचालित हरियाणा जलेबी से लेकर

**खास बातें**

- प्रतिष्ठानों द्वारा एफएसएसएआई के नियमों का पालन नहीं करने पर की गई कार्यवाही
- बिलासपुर से पहुंची थी एमएफटीएल फूड वैन, डेयरियों में की गई जांच



कार्यवाही करते विभाग की टीम।

### इन प्रतिष्ठानों में की गई जांच, लिए गए सैंपल

बुधवार और गुरवार न्यू मधु स्वीट्स निहारिका से सलोनी नमकीन, नेचुरल स्वीट्स निहारिका से बनारसी लड्डु और पंजाबी मठी, बालको स्थित रामा मधुबन डेयरी से चिकन चिल्ली का सैंपल जांच हेतु लिया गया। बिलासपुर से पहुंची एमएफटीएलफूड वैन द्वारा विभिन्न डेयरी शॉप में जांच की गई और जनता में जन जागरूकता फैलाई गई। एफएसएसएआई के दिशा निर्देशों के अनुसार लाइसेंस डिस्प्ले करने, साफ सफाई रखने, हैंड ग्लोब एप्रोन हेड कवर उसे करने, फूड कलर यूज करने, इत्यादि उपयोग करने और नियमों का पालन करने को कहा गया।

कटनी की चार मीनार एजेंसी ⏭ शेष पेज 2 पर

### जहर खाकर युवक ने कर ली आत्महत्या

**कोरबा।** अज्ञात कारणों के चलते 5 दिनों पूर्व 21 वर्षीय युवक ने अपने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। तबियत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भलपहरी की है। यहां निवासरत परदेशी सिदार का 21 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार सिदार ने 10 अक्टूबर को घर में रखे कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिसके बाद वह गश खाकर गिर पड़ा। परिजनों को जब पता चला तो उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। पिछले कई दिनों से उसका उपचार चल रहा था और गुरुवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### पड़ोसी को बुरी नीयत से देखने वाले को मिली 3 साल की सजा

**कोरबा।** घर की बाड़ी में नहा रही महिला को बुरी नीयत से देखने वाले अधेड़ व्यक्ति के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने तीन वर्ष का कारावास और 500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। मामला उरगा थाना क्षेत्र का है। अतिरिक्त लोक अभियोजक मोहन सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि उरगा थाना क्षेत्र में मई 2025 में जब पीड़ति अपने घर की बाड़ी में नहा रही थी, तब उसने देखा कि पड़ोस में रहने वाला 52 वर्षीय आरोपी पूरन शुक्ला अपने घर के हाता से छिपकर पीड़िता को गलत नियत से देख रहा है। पीड़ति ने घटना की जानकारी तुरंत अपने परिवार और मोहल्ले वालों को दी। जब परिजनों ने आरोपी से पूछा तो आरोपी वाद विवाद करने लगा जिस पर पीड़िता ने थाना उरगा में आरोपी के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाई जहां पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 77 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर अपर सत्र न्यायाधीश सीमा प्रताप चंद्रा के न्यायालय में प्रस्तुत किया था। जहां पर्याप्त माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को धारा 77 में दोषी करार देते हुवे 3 वर्ष की सजा व 500 रुपये जुर्माने की सज़ा सुनाई है।

# नम आंखों से दी गई पूर्व विस उपाध्यक्ष बनवारीलाल को अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष और जनसेवा की मिसाल स्वर्गीय बनवारी लाल अग्रवाल (बनवारी भैय्या) को गुरुवार की दोपहर मोतीसागरपारा मुक्तिधाम में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

तिरंगे में लिपटी उनकी पार्थिव देह को अंतिम यात्रा से पहले परिजनों, शुभचिंतकों, शहरवासीयो और अनेक राजनीतिक दलो से आये जनप्रतिनिधियो ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरुवार की दोपहर लगभग 3:30 बजे दुरपा रोड स्थित निवास से प्रारंभ हुई अंतिम यात्रा में शहर भर से जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान बनवारी भैय्या अमर रहें के नारे गूंजते रहे और हर आंख नम थी। अंतिम दर्शन के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता आर.बी. अग्रवाल, हितानंद अग्रवाल, नरेन्द्र देवांगन, राजेन्द्र अग्रवाल, देवेन्द्र पांडेय, अशोक चावलानी, अशोक मोदी, नागरमल अग्रवाल, संजय शर्मा, अजय विश्वकर्मा, श्रीमती मंजू सिंह, श्रीमती रुक्मणी नायर, लक्की नंदा, नवीन अरोड़ा, अर्जुन गुप्ता, शैलेन्द्र यादव, अजय चन्द्रा, प्रदीप सिंह, बलराम विश्वकर्मा, योगेश मिश्रा, डिलेन्द्र यादव, उदय श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पत्रकार और नागरिक उपस्थित रहे।



श्रद्धांजलि देते हुए नागरिक।

### स्वास्थ्य मंत्री भी हुए शामिल

छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि स्वर्गीय बनवारी लाल अग्रवाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने गुरुवार को श्री अग्रवाल के निवास स्थान जाकर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल स्वर्गीय अग्रवाल की अंतिम यात्रा में भी सम्मिलित हुए और मोतीसागर पारा स्थित मुक्तिधाम में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वर्गीय बनवारी लाल अग्रवाल ने जिले के गरीबों और आम जनता की आवाज को सदैव बुलंद किया।



16 korba-pg2_Layout 1 10/16/2025 11:48 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### हाथियों ने दर्जनों किसानों की रौंदी फसल

**कोरबा।** कोरबा वनमंडल के करतला वन परिक्षेत्र में 52 हाथियों का झुंड बड़मार व कोटमेर बीट में विचरण कर रहे हैं। जिसमें से 15 हाथी बड़मार तथा 37 कोटमेर क्षेत्र में सक्रिय हैं। हाथियों के इन दोनों हाथी के झुंड ने बीती रात उत्पात मचाते हुए दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों के धान की फसल को रौंद दिया। जिससे उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों के उत्पात की ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना पर अधिकारी व कर्मचारी सुबह मौके पर पहुंचे और रात में हाथियों द्वारा किये गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपी, जिसे क्षतिपूर्ति के लिए वनमंडल कार्यालय भेजा जाएगा। जहां से स्वीकृति उपरांत पीड़ितों को क्षतिपूर्ति राशि दी जाएगी। इससे पहले हाथियों का यह झुंड कोरबा रेंज के कोरकोमा सर्किल अंतर्गत गेराव व बताती में विचरण कर रहा था। हाथियों ने वहां भी बड़ी मात्रा में पहुंचकर फसलों को ग्रामीणों की मेहनत पर पानी फेर दिया था। ग्रामीणों द्वारा खदेड़े जाने पर हाथियों का झुंड दो झुंड में बंट गए और बड़मार तथा कोटमेर पहुंचकर उत्पात मचाने लगे हैं। उधर कटघोरा वन मंडल में सक्रिय 54 हाथियों ने झुंड ने भी लगातार दूसरे दिन बनिया व आसपास के गांव में उत्पात मचाते हुए धान फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है।

## बिजनेस प्लस

### खाद्य सुरक्षा विभाग...

तक 6 प्रतिष्ठानों पर जुर्माना ठोंकते हुए समझाइश दी गई है। पावर हाउस रोड स्थित हरियाणा जलेबी पर 25 हजार मानक से कम गुणवत्ता, श्रीराम सुपर मार्केट पर 25 हजार विदाउट लाइसेंस मिस ब्रांडिंग, मनोहर एजेंसी रित्विक चावलानी पर 15 हजार विदाउट लाइसेंस मिस ब्रांडिंग, कटनी स्थित चार मीनार एजेंसी पर 15 हजार मिस ब्रांडिंग, गायत्री किराना स्टोर मुड़ापार पर 10 हजार का विदाउट लाइसेंस जुर्माना लगाया गया। यह कार्यवाही इन प्रतिष्ठानों द्वारा एफएसएसएआई के नियमों का पालन नहीं करने पर लगाई गई है। इसी तरह कांची सुपर बाजार पर भी विदाउट लाइसेंस केस में 10 हजार का जुर्माना लगाया गया है। जांच अभियान के साथ ही इस कार्यवाही में प्रमुख रूप से खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम में पुष्पा खाखा, अभिहीत अधिकारी, फूड सेफ्टी आफिसर संघर्ष मिश्री एवं विकास भगत शामिल हैं।

## बिजनेस प्लस

### कम कीमत पर ब्रांडेड प्रोडक्ट्स टिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स में उपलब्ध




**कोरबा।** ट्रांसपोर्ट नगर स्थित टिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फर्नीचर इस धनतेरस एवं दीपावली में अपने ग्राहकों के लिए कई ऑफर लेकर आए हैं। टिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक ने बताया कि ग्राहकों को दीपावली उत्सव एवं जीएसटी महाबचत उत्सव का लाभ दिया जा रहा है। जीएसटी टैक्स में कटौती से इलेक्ट्रॉनिक सामान के दाम अब काम हो गए हैं। ऑनलाइन से भी कम कीमत पर ब्रांडेड प्रोडक्ट्स टिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अभी साल की सबसे सस्ती डील ग्राहकों को उपलब्ध कराई जा रही है जिसमें मात्र 101 रुपए देकर ग्राहक अपने सामानों की बुकिंग कर सकता है ताकि त्योहार के दिन इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट या फर्नीचर उसके घर तक पहुंच सके। सभी सामानों पर निश्चित उपहार की सुविधा ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराई गई है। ग्राहकों को फ्रिज 20 साल की वारंटी के साथ वाशिंग मशीन 10 साल की वारंटी के साथ एलइडी टीवी 3 साल की कंपनी वारंटी के साथ उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्राहकों को अपने पुराने सामान के बदले उच्चतम एक्सचेंज ऑफर दिया जा रहा है। फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट में फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि कंपनी के सारे ऑफर सीमित समय के लिए हैं इसलिए ग्राहक पहले सामान की बुकिंग कर ले और सारे ऑफर का लाभ ले सकते हैं। टिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स में सभी ब्रांडेड कंपनी सोनी, एलजी, सैमसंग, लॉयड, वोल्टास, वर्लपूल, बीपीएल, टीसीएल, इंटेक्स, ब्लू स्टार, वर्ल्डटेक आदि कंपनियों के एलइडी टीवी, वाशिंग मशीन, वाटर प्यूरीफायर, इनवर्टर, बैटरी होम थिएटर, मिक्सर, ग्राइंडर, माइक्रोवेव ओवन, किचन चिमनी, डीप फ्रीजर आदि इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट उपलब्ध है संचालक ने ग्राहकों से इस दीपावली खरीदारी करने के लिए टिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स आने का आग्रह किया है।

### खुशबू इलेक्ट्रॉनिक्स में फर्नीचर के प्रोडक्ट पर ग्राहकों को कई ऑफर उपलब्ध



**कोरबा।** वीआईपी रोड बुधवारी बाजार स्थित खुशबू इलेक्ट्रॉनिक्स में इस दीपावली इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर के प्रोडक्ट पर ग्राहकों को कई ऑफर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ऑफर के संबंध में खुशबू इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में एलइडी टीवी, एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, मिक्सर ग्राइंडर, होम थिएटर, पार्टी स्पीकर, डीप फ्रीजर, माइक्रोवेव ओवन, वॉटर प्यूरीफायर उपलब्ध है। साथ ही सभी प्रकार के फर्नीचर सोफा, डाइनिंग टेबल, ड्रेसिंग टेबल, सिंगल बेड, डबल बेड, अलमारी आदि उपलब्ध हैं। इस दीपावली ग्राहकों को खरीदी में ऑफर के साथ उपहार भी दिया जा रहा है। ग्राहक प्रत्येक खरीदी पर उपहार प्राप्त कर सकते हैं। ग्राहक एलइडी टीवी खरीदें तो उन्हें होम थिएटर फ्री में उपलब्ध कराया जा रहा है, सभी कंपनी के फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है। अब हरदीबाजार छुरी गेवरा राजगामार भैंसमा बरपाली अब 25 किलोमीटर तक के ग्राहकों को भी फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ग्राहकों के पुराने सामान पर अधिकतम एक्सचेंज वैल्यू दिया जा रहा है। एलइडी टीवी पर 4 हजार रूपये वाशिंग मशीन पर 5 हजार रूपये, फ्रिज पर 5 हजार रूपये एवं एसी पर 11 हजार रूपये का एक्सचेंज वैल्यू ग्राहकों को दिया जा रहा है। ऑनलाइन से भी कम कीमत पर इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट एवं फर्नीचर खुशबू इलेक्ट्रॉनिक्स में उपलब्ध है। संचालक ने ग्राहकों से खरीदी के लिए एक बार खुशबू इलेक्ट्रॉनिक्स पधारने का आग्रह किया है।

### न्यू जेके ज्वैलर्स में शुरू है श्रीजी लक्की लक्ष्मी ऑफर



**कोरबा।** पावर हाउस रोड इंदौर स्वीट्स के बगल में स्थित न्यू जेके ज्वेलर्स मैं इस धनतेरस एवं दीपावली के शुभ अवसर पर श्रीजी लक्की लक्ष्मी ऑफर की शुरुआत की गई है। यह ऑफर 14 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 1 नवंबर तक रहेगी। ऑफर के विषय में जेके ज्वेलर्स के संचालक जय सोनी ने कहा कि हमें कोरबा में 11 वर्ष पूर्ण हो गए हैं और इसका पूरा श्रेय ग्राहकों को जाता है जिन्होंने हमें इतना प्रेम और विश्वास दिया। हम ग्राहकों के लिए ही इस दीपावली ऑफर लाए है जिसमें मेकिंग चार्ज मात्र 5 प्रतिशत रखा गया है। हमारे प्रतिष्ठान में स्वर्ण, रजत एवं डायमंड के सभी आभूषण नए डिजाइनों के साथ उपलब्ध हैं। मेकिंग चार्ज भी सबसे कम मात्रा 5 प्रतिशत है। न्यू जोकर ज्वेलर्स में बीआईएस प्रमाणित स्वर्ण आभूषण पूर्ण शुद्धता की गारंटी के साथ उपलब्ध है। धनतेरस में स्वर्ण एवं रजत के सिक्के ग्राहकों को खूब पसंद आते हैं। ग्राहकों की आवश्यकता अनुसार सभी वजन के स्वर्ण एवं रजत के सिक्के उपलब्ध है। न्यू जेके ज्वेलर्स के संचालक जय सोनी ने बताया कि विवाह के पूरे ऑर्डर पर ग्राहकों को और भी कई ऑफर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।







## खबर संक्षेप



### वनांचल क्षेत्र में दिवाली से पहले बिरहोर समुदाय को बांटी गई सामग्री

**कोरबा।** छग शबरी सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने जिले के पाली विकासखंड से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित भंडारखोल गांव पहुंचकर वहां निवासरत बिरहोर समुदाय के लोगों के बीच कपड़े, साड़ियां, खिलौने और अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया। बिरहोर जनजाति लंबे समय से वन क्षेत्र में निवासरत है और आज भी कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। ऐसे में छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान द्वारा किया गया यह प्रयास न केवल उनके चेहरों पर मुस्कान लाया, बल्कि उन्हें यह अहसास भी दिलाया कि समाज के मुख्यधारा के लोग उनके साथ हैं। इस अवसर पर नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर अवसर पर सुरेन्द्र साहु, ब्रजराज रजक, रमेश कौशिक, धर्मेंद्र ध्रुव, निकेश ध्रुव, अर्णव, रवि, सूरज साहू, सचिन सिंह, कैलाश, पूर्णिमा, पुनीता निर्मलकर उपस्थित रहे।

### कलमीभांठा में ट्रीम नाईट डांस कम्पीटिसन का हुआ आयोजन



**मड़वारानी।** ग्राम कलमीभांठा में ट्रीम नाईट डांस कम्पीटिसन डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य किशन कोसले, सभापति जिला पंचायत, श्रीमती सावित्री अजय कंवर, विशिष्ट अतिथि के रूप में बालगोविन्द जायसवाल, गोपाल यादव, सरपंच श्रीमति तेरस कंवर एवं पंच उपस्थिति रहे। मंच संचालक नित्यनन्द यादव एवं महिला समिति ने किया। डांस प्रतियोगिता में लगभग 50 प्रतिभागियों ने अपना नृत्य प्रस्तुत किया। ग्राम कलमीभांठा में डांस प्रतियोगिता में इनाम रखा गया था। ग्रुप डांस में प्रथम पुरुष्कार 11001 रुपये, द्वितीय पुरुष्कार 8001 रुपये तृतीय पुरुस्कार 6001 रुपये चतुर्थ पुरुस्कार 5001 रुपये पंचम पुरुस्कार 4001 रुपये षष्ठम पुरुस्कार 3001 रुपये सप्तम पुरुस्कार 2001 रुपये और एकल एवं युगल डांस प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार 3001 रुपये द्वितीय पुरुस्कार 2001 रुपये तृतीय पुरुस्कार 1001 रुपये पुरुस्कार रखा गया था। कार्यक्रम को देखने के लिए आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासी ग्राम कलमीभांठा और महिला समुह का विशेष सहयोग रहा।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत महाविद्यालय में हुआ शपथ कार्यक्रम



**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में गुरुवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत स्वयंसेवकों व छात्र-छात्राओं को नशा मुक्त भारत अभियान को सार्थक करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ अनिल पांडेय ने नशे के जहर से युवा पीढ़ी को सतर्क करते हुए परिवार, समाज व देश को एक होकर इस अभियान को सफल बनाने में योगदान देना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने व अपने आस-पड़ोस और मित्रों को इससे सावधान रहने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी धिकारी शिव दुबे ने विकसित भारत का स्वप्न नशामुक्त भारत के मार्ग से ही होकर जाता है। इसके अंतर्गत व्याख्यान, शपथ, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गोद लिए गांव में नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग प्रतियोगिता समेत अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से आसपास के लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## निधन

### बीपी श्रीवास्तव



**कोरबा।** कायस्थ समाज कोरबा के वरिष्ठ सदस्य रविशंकर नगर निवासी बीपी श्रीवास्तव उम्र 81 वर्ष का गुरुवार की अलसुबह 5 बजे दुखद निधन हो गया। वे समाज के सक्रिय सदस्य अजय श्रीवास्तव के पिता एवं उपाध्यक्ष भारत प्रसाद के ससुर थे। उनका अंतिम संस्कार 17 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे पोड़ीबहार मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### रामाधार राठौर



**कोरबा।** ग्राम सिवनी के प्रतिष्ठित नागरिक व सेवानिवृत शिक्षक रामाधार राठौर (90 वर्ष) का 10 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

## दूसरे दिन भी पुलिस की तैनाती में किया गया नापी सर्वे

# एसईसीएल, प्रशासन और ग्रामीणों के साथ फिर हुई त्रिपक्षीय वार्ता





त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान भूविस्थापित एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार तहसील भवन में एसईसीएल जिला प्रशासन व ग्रामीणों के साथ त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन किया गया। दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक हरदीबाजार के भूविस्थापितों के साथ बैठक जारी रहा।

बैठक में बसाहट, उचित मौजा, नौकरी एवं मकानों के नापी सर्वे पर काफी गहमागहमी में चर्चा हुई। वर्ष 2004 -2010 अधिग्रहण को मिलाकर 2010 को कट ऑफ लिस्ट मानते हुए वर्ष 2004 के बाद जन्म लेने वाले बच्चे को नौकरी की पात्रता नहीं मानने, जमीन मुआवजा राशि बढ़ाने जैसे मुद्दों पर सार्थक चर्चा नहीं हो पाई। बैठक में पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने कहा कि बैठक सार्थक नहीं रही। वहीं सरपंच लोकेश्वर कंवर ने बताया कि बैठक में कुछ मुद्दों पर सहमति रही तो कुछ मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई इसलिए आगामी बैठक में अन्य शेष मुद्दों पर पुनः बैठक किया जाएगा। वहीं दूसरे दिन गुरुवार को भी हरदीबाजार में पुलिस की छावनी रही। इस दौरान एसईसीएल दीपका प्रबंधन, राजस्व विभाग के द्वारा कुछ ग्रामीणों के स्वेच्छापूर्वक मकान नापी सर्वे करवाने पर की गई जिसमें एसईसीएल के कर्मचारी व कुछ ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह, कटघोरा अपर कलेक्टर मनोज कुमार बंजारे, एसईसीएल दीपका जीएम संजय मिश्रा, जीएम ऑपरेशन संजीव सिंह, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, सरपंच लोकेश्वर कंवर, उपसरपंच रेखा जायसवाल, श्यामू जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि नरेश टंडन, गोपाल यादव, सुरेंद्र राठौर, ब्यास राठौर, विरेंद्र राठौर, विजय जायसवाल, चंद्रकांता राठौर, प्रदीप राठौर, रामशरण कंवर, दिलीप राठौर, उमेश राठौर, कांति मधुकर, प्रियंका जयसवाल, बाबूराम राठौर, छोटेलाल पटेल, राजेश जायसवाल, दिनेश गुरुद्वान, संजय राठौर, मनीराम भारती, मनमोहन खांडे सहित बैठक में सीमित ग्रामीणों के बीच चर्चा हुई।

# फुटपाथ पर लग रही सब्जी दुकानों को वेंडिंग जोन में किया गया शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यवाही करती निगम की टीम।

नगर निगम द्वारा कोसाबाड़ी चौक के समीप सड़क व फुटपाथ पर लगाई जा रही सब्जी व फल दुकानों को सुविधायुक्त वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया गया। साथ ही शिफ्ट करने की कार्यवाही आगे भी की जाएगी, शहर के आवागमन में सुधार लाने, यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने तथा शहर को व्यवस्थित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जाएगा।

**खास बात**

- आवागमन व यातायात व्यवस्था व शहर को व्यवस्थित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

कोसाबाड़ी चौक के समीप निहारिका रोड पर सड़क के किनारे एवं फुटपाथ पर काफी लंबे समय से बांस बल्ली के माध्यम से सब्जी व फल आदि की दुकानें लगाई जा रही थी, सड़क व फुटपाथ पर इन दुकानों के लगने से वहाँ की यातायात व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था, आवागमन बाधित होता था तथा सड़क पर अनावश्यक भीडभाड की स्थिति बन जाती थी, जिससे आमजन को अनावश्यक असुविधा भी होती थी। वहाँ पर लग रही सब्जी, फल आदि की दुकानों को व्यवस्थित करने हेतु महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम द्वारा उक्त स्थल के समीप रिक्त स्थान पर वेंडिंग जोन का निर्माण कराया गया तथा 33 दुकानें बनाई गई हैं। गुरुवार को निगम के राजस्व विभाग अमले द्वारा इन सब्जी व फल दुकानों को उक्त वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराने की कार्यवाही की गई, यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी, अब इन दुकानदारों को व्यवस्थित दुकानें मिल चुकी है तथा उन्हें फुटपाथ पर लग रही उनकी दुकानों को हटा दिए जाने का डर समाप्त हो चुका है। निगम द्वारा वेंडिंग जोन का निर्माण कर सड़क फुटपाथ पर लगने वाली इन दुकानों को शिफ्ट किए जाने का यह कार्य वहाँ की यातायात व आवागमन व्यवस्था सुचारू करने के साथ-साथ शहर को व्यवस्थित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### एलटी लाइन की चोरी

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एफ. सी. आई. कालोनी कोसाबाडी निवासी आर.एल. देशभ्रतार उम्र 67 वर्ष पिता स्व दमोदर देशभ्रतार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 13 अक्टूबर की सुबह लगभग 8 बजे सिक्यूरिटी गार्ड ने उसे फोन कर सूचना दी कि एलटी लइन के कॉपर वायर को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया है जिसकी कीमत लगभग 15 हजार रुपए है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# कटघोरा को जिला बनाने की मांग पर अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन



विरोध करते अधिवक्ता

**खास बात**

- एक नवंबर तक मांग पूरी नहीं हुई तो फिर होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ कटघोरा ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र के कई सामाजिक संगठनों ने भी समर्थन जताया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश पाल ने कहा कि कटघोरा को जिला बनाने की मांग पिछले दो वर्षों से लगातार उठाई जा रही है। इस विषय पर पूर्व में धरना एवं आंदोलन भी किया गया था लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि 1 नवंबर तक कटघोरा को जिला घोषित नहीं किया जाता है तो अधिवक्ता संघ पुनः आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर भुवनेश्वर दीक्षित, नरेश अग्रवाल, पवन जायसवाल, यज्ञदत्त जायनाल, अमित सिन्हा, सोमदत्त, दिनेश निषाद, महेश कवर्त, रवि आहूजा, रजनी महंत, रेनू त्रिवेदी, व्यास नारायण, राजू भारद्वाज, मनोहर, बी.राम, रवि पत्ता, नेपाल सिंह, दशरथ राहगर, नागमणि, खेमचंद नामदेव, पुरुषोत्तम महंत, सुरेश केडिया, दुर्गेश्वरी श्रीवास्तव, सालिवन शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता व स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एसईसीएल दीपका क्षेत्र में बोनस विवाद पर गरमाया माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदर्शन करते ठेका श्रमिक।

दीपावली से पहले बोनस भुगतान को लेकर एसईसीएल के दीपका क्षेत्र में गुरुवार को माहौल गर्म रहा। जय अम्बे रोडलाइंस कंपनी के वाहन चालकों व मजदूरों ने बोनस वितरण में देरी के खिलाफ मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।

**खास बात**

- वाहन चालकों ने बोनस भुगतान को लेकर किया शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन

प्रदर्शन में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश संगठन मंत्री उमा गोपाल भी शामिल हुए और मजदूरों की ओर से अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कंपनी ने दीपावली से पूर्व बोनस देने का वादा किया था, किंतु भुगतान अब तक नहीं हुआ। चालकों ने बताया कि वे एसईसीएल के लिए कोयला परिवहन कार्य करते हैं और उन्हें समय पर बोनस मिलने की अपेक्षा है। एक चालक ने कहा कि हम सिर्फ अपना हक चाहते हैं मेहनत का उचित मूल्य और समय पर बोनस। प्रदेश संगठन मंत्री उमा गोपाल ने प्रदर्शन के दौरान कहा यह आंदोलन किसी टकराव का नहीं, बल्कि न्यायसंगत अधिकारों की मांग का प्रतीक है। मजदूरों को उनका बोनस और वेतन समय पर मिलना चाहिए। उमा गोपाल ने मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा, जिसमें बोनस भुगतान के साथ-साथ मजदूरों के लिए बेहतर कार्य स्थितियां, सुरक्षा साधन और समय पर वेतन जैसी मांगें शामिल थीं। प्रदर्शन के दौरान एसईसीएल दीपका क्षेत्र के अधिकारियों ने बातचीत की कोशिश की और कहा कि मामला ठेकेदार कंपनी स्तर पर है, लेकिन एसईसीएल प्रबंधन श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र समाधान के लिए प्रयासरत है। पेमेंट ऑफ बोनस एक्ट, 1965 के अनुसार, योग्य कर्मचारियों को न्यूनतम 8.33 प्रतिशत बोनस प्रदान किया जाना अनिवार्य है। मजदूरों ने मांग की है कि इस प्रावधान का पालन सुनिश्चित किया जाए और सभी पात्र श्रमिकों को शीघ्र बोनस दिया जाए।

### प्रबंधन व कंपनी के बीच होगी वार्ता

स्थानीय नागरिकों ने प्रदर्शन को शांतिपूर्ण बताया और कहा कि यह आवाज श्रमिक वर्ग के हितों की रक्षा के लिए है। प्रशासन ने स्थिति पर नजर रखते हुए शांति बनाए रखने की अपील की है। प्रदर्शन के बाद श्रमिकों ने उम्मीद जताई है कि प्रबंधन और कंपनी स्तर पर वार्ता के माध्यम से समस्या का समाधान शीघ्र होगा। वहीं, संगठन ने कहा कि यदि उचित निर्णय नहीं हुआ, तो आगे की रणनीति कानूनसम्मत तरीके से तय की जाएगी। दीपका में बोनस को लेकर उठी यह मांग अब श्रमिकों के अधिकारों की बड़ी बहस का रूप ले रही है। फिलहाल, स्थिति शांतिपूर्ण है और सभी पक्ष समाधान की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

### रोके गये बोनस की मांग हुई पूरी

एसईसीएल कुसमुंडा खदान में एसकेएसएल समानता कंपनी में कार्यरत मजदूरों के द्वारा 2 वर्ष की बोनस की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन में छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने प्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्रदान किया। मजदूरों के हक-अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन के पदाधिकारियों ने कहा है कि एकजुट होकर संघर्ष को तेज किया। एसकेएसएल प्रबंधन ने मजदूरों की सभी मांगों को स्वीकार कर लिया है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# त्यौहार में सुरक्षा को लेकर पुलिस ने किया लोगों को अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपावली महोत्सव को लेकर सुरक्षा एवं सावधानी के संबंध में आम नागरिकों को पुलिस अलर्ट किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में पुलिस द्वारा दीपावली पर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने नागरिकों से सावधानियों का पालन करने की अपील की गई है।

पुलिस ने आम जनता से कहा कि बाजार में खरीदारी के समय सावधानी बरतें। भीड़भाड़ वाले बाजारों में अपने कीमती आभूषण, पर्स, मोबाइल आदि का विशेष ध्यान रखें। खरीदारी के बाद अपने बैग, थैले या वाहन के डिब्बे (डिग्गी) में मूल्यवान वस्तुएं खुले रूप में न रखें। वाहन को सुरक्षित स्थान पर ही पार्क करें और लॉक अवश्य करें। बैंक एवं एटीएम लेनदेन के समय सतर्क रहें। बैंक या एटीएम से पैसे निकालते समय आसपास की गतिविधियों पर नजर रखें। किसी अजनबी की अनावश्यक सहायता स्वीकार न करें। निकाली गई राशि को सुरक्षित रखें और उसे खुले में प्रदर्शित न करें। दुकानदारों एवं व्यापारियों से अपील की गई है कि अपनी दुकान/प्रतिष्ठान में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाएं और उनकी कार्यप्रणाली की नियमित जांच करें। भारी नकदी साथ लेकर अकेले न निकलें। बैंक से पैसा निकालने के बाद सीधे घर जाएं रास्ते में किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर रुकें नहीं। दीपावली का पर्व शालीनता, संयम एवं आपसी सद्भाव के साथ मनाएँ। किसी भी प्रकार की तोडफ़ोड़, असामाजिक या सांप्रदायिक उकसावे वाली गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत निकटतम पुलिस थाना या कंट्रोल रूम को दें। पटाखों का सुरक्षित उपयोग एवं बच्चों की सुरक्षा को लेकर कहा कि पटाखे केवल अनुमोदित निर्माता के ही प्रयोग करें और उनके निर्देशों का पालन करें। छोटे बच्चों को पटाखों से दूर रखें तथा उनकी निगरानी अवश्य करें। घर से बाहर जाते समय दरवाजे-खिड़कियाँ सुरक्षित रूप से बंद करें तथा अपने विश्वसनीय व्यक्ति को घर की देखरेख हेतु सूचित करें। घर एवं दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगवाएँ और उन्हें चालू अवस्था में रखें।

# पार्षद ने क्षेत्रवासियों की मदद से कुंए में गिरी गाय को बाहर निकाला



**कोरबा** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद अश्वनी मिश्रा द्वारा बंटी राजपूत के घर के कुंए में गिरे गाय को क्षेत्रवासियों की मदद से सुरक्षित निकाला गया है। पार्षद को जैसे ही गौ माता की कुंए में गिरने की सूचना मिली वह खुद मौके पर पहुंचे। यहां रस्सा और बांस से गाय को निकालने के लिए सहारा बनाया गया, बांस की ऐसी लेयर बनाई गई जिससे गाय बांस के ऊपर चढ़ जाए और उसे ऊपर खींचा जा सके। इसके नीचे ईंट को बांधा गया, जिससे रस्सा से बंधा बांस पानी के नीचे चला गया और गाय ऊपर चढ़ गई। फिर सभी ने ऊपर खिंच लिया इस तरह कुंए में गिरी गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## प्रत्येक बीट में स्वच्छतादूत पट्टिका के लगेंगे बोर्ड

# सफाई कामगार ड्रेस व सुरक्षा साधनों के साथ करें सफाई कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सफाई कार्यों का जायजा लेते निगम आयुक्त।

निगम आयुक्त ने गुरुवार को दर्री क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों व सफाई कार्यएर्जेसियों को कडे. निर्देश देते हुए कहा कि सफाई कार्यों में संलग्न सफाई मित्र, कामगार व स्वच्छता दीदियाँ कार्य स्थल पर निर्धारित ड्रेस पहने एवं आवश्यक सुरक्षा साधनों के साथ ही साफ-सफाई का कार्य करें, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विभिन्न कार्य स्थलों पर पहुंचकर सफाई कामगारों का भौतिक सत्यापन किया तथा कहा कि जिन कामगारों को जो बीट आबंटित किए गए हैं, वे अपने निर्धारित बीट पर कार्य करें, सफाई कार्य निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप किए जाएं, यह भी सुनिश्चित कराएं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रत्येक स्वच्छता बीट में स्वच्छतादूत पट्टिका के फ्लेक्सी बोर्ड लगाएं, जिस पर संबंधित सफाई मित्र की आईडेन्टिटी के साथ संबंधित स्वच्छता कमांडो व सुपरवाईजर के नाम एवं मोबाईल नंबर अंकित हों, ताकि आमनागरिक इसके आधार पर सफाई से जुड़ी समस्याओं व तथ्यों की सूचना देकर उनका तत्काल निराकरण पा सकें। स्वच्छता बीट में वहाँ के सफाई कार्य से जुड़ी जानकारी प्रदर्शित करने हेतु स्वच्छतादूत पट्टिका के बोर्ड लगाने एवं निगम के सभी जोन कार्यालयों में थम्ब व फेस आधारित अटेंडेस सिस्टम स्थापित कराएं तथा उसी के माध्यम से दिन में 3 बार प्रातः 6 बजे, 10 बजे व दोपहर 2 बजे अटेंडेंस ली जाए। निरीक्षण के दौरान श्री पाण्डेय ने दर्री जोन पहुंचे, उन्होंने दर्री क्षेत्र के विभिन्न वार्डो व बस्तियों का दौरा कर साफ-सफाई कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने निगम के संबंधित अधिकारियों, निरीक्षकों व सफाई कार्य एर्जेसियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्य के दौरान सफाई कामगार व स्वच्छता दीदियाँ निर्धारित ड्रेस में रहें तथा आवश्यक सुरक्षा साधनों के साथ ही सफाई का कार्य करें, यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- [+5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411